दिन– सोमवार दिनांक– 04/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. लोक आस्था के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान कल नहाय–खाय के साथ होगा शुरू। राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में छठ घाटों पर तैयारियां अंतिम चरण में।

02. तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव के लिए चुनाव प्रचार तेज।

03. बिहार निर्वाचन प्राधिकार ने छब्बीस नवम्बर से तीन दिसम्बर तक होने वाले पैक्स चुनाव के दिन मतदाताओं के लिए अवकाश घोषित किया

04. और, प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक सौ तिरेपन नए मामलों की पुष्टि। पटना में मिले उनहत्तर नए मरीज।

अब समाचार विस्तार से.........

---

लोक आस्था के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान कल नहाय–खाय के साथ शुरू होगा। व्रती पहले दिन अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी बनाकर उसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगे। छठ को लेकर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में उत्सव का माहौल है। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि छठ घाटों की साफ–सफाई और घाटों पर अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ विभिन्न स्वंयसेवी संस्थाएं और आम लोग भी जुटे हुये हैं। छठ घाटों तक जाने वाले मार्गों को समतल करने के साथ बैरिकेडिंग भी की जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में गंगा घाटों का निरीक्षण कर अधिकारियों को सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बताया है कि पटना स्मार्ट सिटी के एक सौ नब्बे से अधिक कैमरों से चौबीस छठ घाटों की निगरानी की जाएगी। वहीं, एकीकृत कमान और नियंत्रण केन्द्र से भी पल–पल की निगरानी रखी जाएगी। इधर, औरंगाबाद के सूर्यनगरी देव में लगने वाले विश्व प्रसिद्ध चार दिवसीय छठ मेले की तैयारियां जोरों पर हैं। जिलाधिकारी श्रीकांत

शास्त्री ने बताया कि देव छठ मेले के अवसर पर श्रद्धालुओं को हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने और सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किये गए हैं।

————————————————————————

महापर्व छठ के दौरान अर्घ्य वाले दिनों में पटना में नई ट्रैफिक व्यवस्था लागू होगी। सात नवम्बर की दोपहर बारह बजे से शाम सात बजे तक, जबकि आठ नवम्बर की सुबह दो बजे से सुबह आठ बजे तक यह व्यवस्था प्रभावी रहेगी। इस दौरान अशोक राजपथ पर करगील चौक के पूरब दीदारगंज तक किसी भी वाहन का परिचालन नहीं होगा। सिर्फ व्रतियों की गाड़ियां चिन्हित पार्किंग स्थलों तक जा सकेंगी। इधर, जे.पी. गंगा पथ पर भी सात नवम्बर से आठ नवम्बर की सुबह तक दोनों लेन पर वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। जे.पी. सेतु पर भी सोनपुर की ओर से पटना की तरफ यातायात परिचालन नहीं होगा।

————————————————————————

रेलवे द्वारा छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा और सुगम सफर के लिए विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। उत्तर–रेलवे द्वारा राजधानी दिल्ली के आनंद–विहार, नई–दिल्ली और निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से इन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया है कि उत्तर रेलवे द्वारा आज लगभग एक सौ चालीस रेलगाड़ी दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों से परिचालित की जा रही हैं।

————————————————————————

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि देशभर में अगले पांच से सात वर्षों के भीतर रेल यात्रा एक अभूतपूर्व बदलाव से गुजरने के लिए तैयार है। नई प्रौद्योगिकियों, आधुनिक ट्रेन सेटों की शुरूआत और अगले साल विद्युतीकरण पूरा होने के साथ ही रेलवे का कायाकल्प हो जाएग। श्री वैष्णव कोझिकोड में एक मीडिया कार्यक्रम का उद्‌घाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास योजना के तहत एक लाख करोड़ रुपये की लागत से एक हजार तीन सौ चौंतीस स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जिनमें से ग्यारह सौ स्टेशनों पर निर्माण कार्य प्रगति पर है।

————————————————————————

बिहार विधान सभा की चार सीटों इमामगंज, बेलागंज, तरारी और रामगढ निर्वाचन क्षेत्रों में तेरह नवंबर को वोट डाले जायेंगे। उप चुनाव के तहत प्रोफाइल श्रृंखला में आज सुनते हैं गया जिले की इमामगंज सीट पर चुनावी माहौल के बारे में हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

राजनीतिक रुप से काफी चर्चित इमामगंज की सीट पर उपचुनाव का मुकाबला रोचक है। लोक सभा के लिए चुने जाने के बाद यह सीट पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने खाली की है। उन्होंने इस सीट पर अपनी पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के लिए अपनी पुत्रवधू दीपा कुमारी को चुनावी मुकाबले में उतारा है। वहीं, राष्ट्रीय जनता दल ने उनके मुकाबले में रौशन कुमार माझी को चुनावी मैदान में उतारा है। अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित इस सीट पर पहले कई बार चुनाव जीत चुके उदय नारायण चौधरी को राजद ने मौका नहीं दिया है। वे 1990 के अलावा 2000, 2005 और 2010 में यहां से निर्वाचित हुए थे। पहली बार चुनाव लड़ रही प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज की साख दांव पर है। पार्टी ने यहां से समाजसेवी जितेंद्र पासवान को मौका दिया है। इस विधान सभा सीट का इतिहास देखें तो पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी यहां से 2015 और 2020 का पिछला चुनाव जीते थे। 1957 में अस्तित्व में आयी इस सीट पर सबसे अधिक जनता दल ने जीत हासिल की है। इस बार के चुनाव में लगभग तीन लाख वोटर नौ प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

उप चुनाव को लेकर विभिन्न दलों और गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं ने अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार तेज कर दिया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुढ़नी, चंडेस, कलानी समेत विभिन्न क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशी अशोक सिंह के समर्थन में कई सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एनडीए उम्मीदवार की जीत से लोक मोर्चा की ताकत भी बढ़ेगी। इधर, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी रामगढ़ के खजुरा और कुडारी में जनसंपर्क अभियान चलाया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नौ और दस नवम्बर को उप चुनाव वाले क्षेत्रों में चुनावी सभाएं करेंगे। श्री कुमार तय कार्यक्रम के अनुसार नौ नवम्बर को रामगढ़ और तरारी, जबकि दस नवम्बर को बेलागंज तथा इमामगंज में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बिहार निर्वाचन प्राधिकार ने पैक्स चुनाव के दिन मतदाताओं के लिए अवकाश घोषित किया है। छब्बीस नवम्बर से तीन दिसम्बर तक पांच चरणों में होने वाले चुनाव के लिए उन्नीस हजार चार सौ अठ्हत्तर मतदान केंद्र बनाए गये हैं। इसके लिए पांच सौ इकतीस मतदान  केंद्र चिन्हित किये गये हैं। प्राधिकार ने कहा है कि मतदान के दिन काम पर नहीं जाने पर अगर कोई संगठन या सरकारी संस्थान कर्मचारी का वेतन काटता है, तो पांच सौ रुपये का जुर्माना का प्रावधान रखा गया है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों के परिणामस्वरूप तपेदिक यानि टीबी के मामलों में कमी आई है। श्री मोदी ने देश की प्रगति की सराहना करते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में वर्ष दो हजार पंद्रह से दो हजार तेईस तक टीबी के मामलों में सत्रह दशमलव सात प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह दर विश्व स्तर पर आठ दशमलव तीन प्रतिशत की कमी की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी साझा करते हुए कहा कि टीबी की रोकथाम और नियंत्रण भारत के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि सरकार ने टीबी रोगियों को आवश्यक पोषण सहायता प्रदान करने के लिए नि—क्षय पोषण योजना जैसी प्रमुख पहल करके राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का विस्तार कर उसे सुदृढ़ किया है।

———————————————————————————

प्रदेश में लगभग चार हजार शिक्षक फर्जी पाये गए हैं। जांच के दौरान इन शिक्षकों का सीटीईटी में निर्धारित अंक से कम नम्बर पाया गया है। कई शिक्षकों के जमा दिव्यांग, जाति, निवास, खेल सहित विभिन्न प्रमाण पत्र भी फर्जी पाये गये हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि जिन शिक्षकों की मार्कशीट संदिग्ध है, उनकी जांच संबंधित विश्वविद्यालयों से कराई जा रही है। दोषी पाये जाने पर इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इधर, सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों के लिए एक अगस्त से तेरह सितम्बर तक आयोजित काउंसलिंग में शामिल नहीं हो पाये शिक्षकों को छठ के बाद एक अवसर और दिया जाएगा।

———————————————————————————

प्रदेश में भारत संचार निगम लिमिटेड, बीएसएनएल की स्वदेशी फोर—जी मोबाईल सेवा के तहत एक हजार एक सौ ग्यारह नए बीटीएस चालू हो गये हैं। साथ ही इस महीने फोर—जी के नए तीन सौ बीटीएस पूरे प्रदेश में लगाने का लक्ष्य रखा गया है। बिहार दूर संचार परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक रविंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि पिछले महीने पूरे प्रदेश में तीन सौ पचास नए बीटीएस की सुविधा दी गयी थी। इसके साथ ही सभी बीएसएनएल ग्राहकों को डाटा स्पीड चालीस एमबीपीएस तक मिलने लगेगा।

———————————————————————————

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि इस सप्ताह तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। इसके बाद तापमान में धीरे–धीरे गिरावट आने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले पाँच दिनों के दौरान राज्य के तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नही है।

———मौसम———

————————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य में एक सौ तिरेपन नए मामलों की पुष्टि हुई है। इस दौरान पटना में उनहत्तर नए मरीजों की पहचान हुई है। प्रदेश में डेंगू मरीजों की संख्या बढ़कर अब सात हजार एक सौ छियालीस हो गई है।

————————————————————————————

सीतामढ़ी जिले की पुलिस टीम ने बेला थाना क्षेत्र में अपराध की योजना बना रहे चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से पिस्तौल और गांजा समेत कई आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया है।

————————————————————————————

शिवहर जिले के पिपराही थाना क्षेत्र अंतर्गत अम्बा कला गांव के पास छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक वाहन से छह सौ साठ बोतल नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————————

मधुबनी जिले के अरेर थाना क्षेत्र अंतर्गत एकतारा गांव में करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

————————————————————————————

राजगीर में ग्यारह से बीस नवम्बर तक आयोजित होने वाली वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय महिला टीम आज गया पहुंचेगी। जिलाधिकारी त्यागराजन एसएम ने बताया कि टीम के स्वागत की व्यापक तैयारी की गयी है। उन्होंने बताया कि चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीम भी गया पहुंचेगी। जहां खिलाड़ियों के प्रवास का प्रबंध किया गया है। मैच के दिन विभिन्न देशों के खिलाड़ियों को गया से राजगीर ले जाया जायेगा। खिलाड़ियों के आवागमन

और सुरक्षा के लिए तैयारी पूरी कर ली गयी है। इधर, हॉकी फैंस के लिए मैच देखने की निशुल्क व्यवस्था की गयी है। दर्शकों को टिकटजिनी वेबसाइट पर पास की बुकिंग करनी होगी। वहीं, प्रदेश की विभिन्न जिलों की यात्रा के बाद चैंपियंस ट्रॉफी गौरव यात्रा आज राजगीर पहुंचेगी। इसके बाद यह ट्रॉफी नालंदा के विभिन्न प्रखंडों से होकर गुजरेगी।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – बिहार में इस बार अक्टूबर की रात पांच साल में सबसे गर्म।

**दैनिक जागरण** की खबर है – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंद्रह को जमुई में करेंगे जनजातीय गौरव दिवस का शुभारंभ।

**दैनिक भास्कर** ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच क्रिकेट श्रृखंला से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – बानवे साल के टेस्ट इतिहास में पहली बार टीम इंडिया घरेलू मैदान पर तीन मैच की टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप। अखबार लिखता है – सीरीज हार से हाहाकार।

बिहार बिजनेस कनेक्ट से जुड़ी खबर को **प्रभात खबर** ने अपनी लीड बनाते हुए लिखा है – पटना में उन्नीस और बीस दिसम्बर को जुटेंगे चालीस देशों के कॉरपोरेट प्रतिनिधि।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. लोक आस्था के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान कल नहाय–खाय के साथ होगा शुरू। राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में छठ घाटों पर तैयारियां अंतिम चरण में।

02. तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव के लिए चुनाव प्रचार तेज।

03. बिहार निर्वाचन प्राधिकार ने छब्बीस नवम्बर से तीन दिसम्बर तक होने वाले पैक्स चुनाव के दिन मतदाताओं के लिए अवकाश घोषित किया

04. और, प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक सौ तिरेपन नए मामलों की पुष्टि। पटना में मिले उनहत्तर नए मरीज।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।